पत्र संख्या-सचल दल (Enforcement Jurisdiction) / 2020-21/ 77 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(सचल दल-अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 09 जून, 2020

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,

वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

अवगत कराना है कि वाणिज्य कर विभाग को GSTN द्वारा उपलब्ध कराये गये Boweb Portal में सचल दल अधिकारियों के लिए पृथक से Officer create नहीं थे जिससे सचल दल अधिकारियों के कार्यों की कार्यालयवाइज मानीटरिंग नहीं हो पा रही थी। GSTN द्वारा समस्त प्रवर्तन अधिकारियों के कार्यालयवार यूजर क्रियेट करने की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है। समस्त प्रर्वतन अधिकारियों के कार्यालयवार user जोनल सब स्टेट एडमिन के द्वारा निर्मित किये जा सकते हैं। सब स्टेट एडमिन अपने अधिक्षेत्र की समस्त सचलदल इकाईयों के users को उनके अधिक्षेत्र के आधार पर पुन: Role आवंटित करेंगें।

उक्त के क्रम में सब स्टेट एडमिन "Add New Role" Update Jurisdiction of a taxpayers and other related functionalities का प्रयोग करते हुए New Role देख सकते हैं।

परिवर्तित क्षेत्राधिकार के आधार पर Inforcement users को निम्न Role आवंटित किये जाने हैं:-

1. Registration enforcement
2. Adjudicating Authority
3. View Jurisdiction record
4. View All India Record
5. View Dash board
6. Enforcement Officer
7. Enforcement Reporting officer (Only for those who are reporting officers)
8. Refund Processing

नये क्षेत्राधिकार के अनुरुप Role दिये जाने के साथ ही उसके पूर्व के समस्त प्रकरणों की सूचना निम्न प्रारुप में ctithqlu-up@nic.in पर ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें जिससे नये Offices में इन्हे GSTN के माध्यम से स्थानान्तरित किया जा सके।

क्र0सं0	जोन का नाम	कार्यालय का नाम	TempID/ GSTIN	परिवर्तित क्षेत्राधिकार के अनुरुप कार्यालय का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6

परिवर्तित प्रक्रिया के अनुरुप Role आवंटन में किसी प्रकार की असुविधा होने पर GSTN के प्रतिनिधि श्री अरुण दुबे, रेजीडेन्ट इंजीनियर, इंफोसिस मोबाइल नम्बर-8770689533 से दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते हैं। अत: उक्त प्रक्रिया से अपने अधीनस्थ अधिकारियों को अवगत कराते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(अमृता सोनी)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।